Literacy for a Billion

Movie: Aadmi
Year: 1968

Song: Aaj Purani Rahon Se
Lyricist: Shakeel Badayuni

ओ हो हो
ओ ...
ओ हो हो

आज पुरानी राहों से
कोई मुझे आवाज़ न दे
आज पुरानी राहों से
कोई मुझे आवाज़ न दे
दर्द में डूबे गीत न दे
ग़म का सिसकता साज़ न दे
दर्द में डूबे गीत न दे
ग़म का सिसकता साज़ न दे

ओ हो हो
ओ ...
ओ हो हो

बीते दिनों की याद थी जिनमें
मैं वो तराने भूल चुका
आज नई मंज़िल है मेरी
कल के ठिकाने भूल चुका
न वो दिल ना सनम
न वो दीन धरम
अब दूर हूँ सारे गुनाहों से

आज पुरानी राहों से
कोई मुझे आवाज़ न दे
दर्द में डूबे गीत न दे
ग़म का सिसकता साज़ न दे

ओ हो हो
ओ ...
ओ हो हो

जीवन बदला दुनिया बदली
मन को अनोखा ज्ञान मिला
आज मुझे अपने ही दिल में
एक नया इनसान मिला
पहुँचा हूँ वहाँ नहीं दूर जहाँ
भगवान भी मेरी निगाहों से

आज पुरानी राहों से
कोई मुझे आवाज़ न दे

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.